**जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत विभिन्न ग्रामीण पाईप पेयजल परियोजनाओं के कियान्वयन से सम्बन्धित दिनांक 07.02.2023 को मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन, की अध्यक्षता में आयोजित विडियो कान्फेसिंग के द्वारा समीक्षा बैठक की कार्यवृत्त**

दिनाँक 07–02–2023 को अपरान्ह् 03:00 बजे एन0आई0सी0 कलेक्ट्रेट में विडियो कान्फेरिंग के माध्यम से जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। समीक्षा बैठक मे निम्न अधिकारियों के साथ कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

1– मुख्य विकास अधिकारी, जौनपुर।
2– जिला विकास अधिकारी, जौनपुर।
3– अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), जौनपुर।
4– मेसर्स वेलेस्पन इण्टर प्राईजेज के प्रतिनिधि।
5– मेसर्स एफ0कान0 इंन्फ्रास्ट्रक्चर के प्रतिनिधि ।

जल जीवन मिशन सर्वेक्षण फरवरी–2023 की वेबसाईट रिपोर्ट दिनांक 02.02.2023 के अनुसार प्रगति में **नेशनल रैंक कैटेगरी मे जनपद जौनपुर 9/68वें** तथा **प्रदेश रैंक कैटेगरी मे जनपद जौनपुर 8/27वें स्थान** पर है। प्रगति का विवरण निम्नवत है।

| Indicator | | Maximum Marks | Obtained Marsk |
|---|---|---|---|
| Physical Progress | Residual Coverage ; FHTC provided after base date/ Remaining FHTC Coverage to achieve 100% Coverage on base date | 50 | 12.4181 |
| Water Quiality | % of villages where household tap water sample is tested using FTKs or in Labs | 10 | 0.1385 |
| | % of villages where PWS source water sample (taken after WTP) is tested using FTK of in Labs | 10 | 0.4133 |
| | %of villages having women trained for FTKs | 10 | 9.37 |
| Institutional Arrangements | % Of villages having VWSCs | 10 | 10 |
| | % Of villages with skilling done | 10 | 3.001 |
| | **Totel** | **100** | **35.3409** |

प्रगति रिपोर्ट दिनॅाक 01 फरवरी–2023 में अंकित है कि अवशिष्ट कवरेज एफ0एच0टी0 के तहत किये गये गृह संयोजन में जनपद की प्रगति 50 के सापेक्ष 12.4181, जलगुणवत्ता की प्रगति 10 के सापेक्ष 0.1385,वाटर सप्लाई सैम्पल का परीक्षण 10 के सापेक्ष 0.4133 तथा स्किल मैन पावर प्रशिक्षण का प्रतिशत 10 के सापेक्ष 3.001 है। यह स्थिति अत्यन्त ही शोचनीय तथा कार्यो के प्रति शिथिलता तथा उदासीनता का द्योतक है। निर्देश दिया जाता है कि प्रगति में अपेक्षित सुधार लाते हुए लक्ष्य की शत प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित की जाय।

जल जीवन मिशन से सम्बन्धित कुल 3153 राजस्व ग्रामों मे 1223 डी0पी0आर0 लक्ष्य के सापेक्ष 1223 डी0पी0आर0 बनाया गया है तथा 1184 डी0पी0आर0 राज्य स्तर से स्वीकृत हुआ है। स्वीकृत डी0पी0आर0 के सापेक्ष एक माह के भीतर निर्माण कार्य अनिवार्य रूप से आरम्भ करा दिया जाय। साथ ही मेसर्स वेलस्पन इण्टरप्राइजेज एवं एफ0कॉन0 इन्फास्ट्रक्चर के प्रतिनिधि को जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यो की धीमी प्रगति पर रोष व्यक्त करते हुए संस्था के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही करने तथा विकास खण्डवार प्रोजेक्ट चार्ट बनाकर आनलाईन फिडिंग कराने का निर्देश अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम( ग्रामीण) को दिया गया जिससे मानिटरिंग की जा सके। टैप कनेक्शन जहां पर मोटर/डी0जी0 से पानी की सप्लाई हो रही है वही पर दिया जाय निरीक्षण के समय पानी आना दिखना चाहिए पानी की टंकी मे प्रगति खराब होने मे प्रगति लाये तथा गूगल सीट पर प्रतिदिन प्रेषित किये जाने का भी निर्देश दिया गया।

**(1)** मेसर्स वेलस्पन इण्टर प्राईजेज के प्रतिनिधि को जल जीवन मिशन के अन्तर्गत 866 राजस्व ग्रामों में कार्य कराये जाने हेतु कार्य आवंटन किया गया है, जिसमें 355 परियोजनाओं का निर्माण होना है जिसके सापेक्ष पोर्टल पर 325 डी0पी0आर0 का अनुमोदन राज्य स्तर से प्राप्त हुआ है। वेलस्पन इण्टर प्राईजेज द्वारा 162 ग्राम पंचायतो में कार्य प्रारम्भ कराते हुए 162 ग्राम पंचायतो मे बोरिंग का कार्य पूर्ण कराते हुए 112 ग्राम पंचायतो मे लोरिंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया है शेष 193 ग्रामों में अद्यतन कार्य प्रारम्भ न कराया जाना विभाग की शिथिलता का

Scanned with CamScanner

द्योतक है जबकि एस0एल0एस0एस0सी0 से अनुमोदन प्राप्त होने के एक माह के अन्दर कार्य प्रारम्भ हो जाना चाहिए था। मेसर्स वेलस्पन इण्टर प्राईजेज को ग्रामों में 500 कनेक्शन प्रतिदिन कराये जाने का निर्देश दिया गया था किन्तु इनके द्वारा मात्र 240 कनेक्शन प्रति दिन किया जा रहा है। कनेक्शन किये जाने में शिथिलता का संज्ञान लेते हुए प्रतिनिधि को निर्देश दिया जाता है कि प्रगति में अपेक्षित सुधार लाते हुए समस्त ग्राम पंचायतों में कार्य प्रारम्भ कराते हुए शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण कराया जाय तथा ग्राम पंचायत वार/परियोजनावार प्रगति रिपोर्ट तैयार कर प्रस्तुत करें। एफ0एच0टी0सी0 में 500 कनेक्शन प्रतिदिन कराया जाना सुनिश्चित किया जाए किन्तु इनके द्वारा मात्र 300 कनेक्शन प्रतिदिन किया जा रहा है। निर्देश दिया गया कि डी0पी0आर0 मे स्वीकृत कनेक्शन के सापेक्ष शतप्रतिशत कनेक्शन करना सुनिश्चित किया जाय। अन्यथा संस्था के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही किया जायेगा।

(कार्यवाही–अधिशासी अभियन्ता, जलनिगम (ग्रामीण)

(2) मेसर्स एफ0कॉन0 इन्फास्ट्रक्चर के प्रतिनिधि को जल जीवन मिशन के अन्तर्गत 2287 राजस्व ग्रामो मे कार्य कराये जाने हेतु आवंटन किया गया है, जिसमें 864 परियोजना का निर्माण होना है जिसके सापेक्ष पोर्टल पर 796 डी0पी0आर0 का अनुमोदन राज्य स्तर से प्राप्त हुआ है। मेसर्स एफ0कान0 इन्फास्ट्रक्चर द्वारा 194 परियोजनाओं पर कार्य प्रारम्भ किया गया है जिसमे से 178 परियोजनाओ पर बोरिंग का कार्य पूर्ण किया गया है। और 135 परियोजनाओ पर लोरिंग का कार्य किया जा रहा है। स्वीकृत परियोजनाओं पर एक माह के भीतर कार्य आरम्भ करा दिया जाना चाहिए था किन्तु अद्यतन 618 परियोजनाओं पर कार्यारम्भ न कराया जाना संस्था की शिथिलता तथा उदासीनता का द्योतक है। निर्देश दिया जाता है कि अवशेष परियोजनाओं पर एक पक्ष के भीतर कार्य आरम्भ करा दिया जाय तथा एफ0एच0टी0सी0 में 1000 कनेक्शन प्रतिदिन कराये जाने का निर्देश दिया गया था किन्तु इनके द्वारा मात्र 200 कनेक्शन प्रतिदिन किया जा रहा है। निर्देश दिया गया कि डी0पी0आर0 मे स्वीकृत कनेक्शन के सापेक्ष शतप्रतिशत कनेक्शन करना सुनिश्चित किया जाय। अन्यथा संस्था के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही किया जायेगा।

(कार्यवाही– मेसर्स एफ0कॉन0 इन्फास्ट्रक्चर)

अधोहस्ताक्षरी द्वारा जल जीवन मिशन की प्रगति से समस्त कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया जाता है कि समयान्तर्गत कार्यो को गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराया जाय तथा उपरोक्त निर्देशों का शतप्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाय अन्यथा की स्थिति मे कार्यदायी संस्था के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

(मनीष कुमार वर्मा)
जिलाधिकारी
जौनपुर।

कार्यालय जिलाधिकारी,जौनपुर।

पत्रांक 3092 /का0वि0/जल जीवन/2022–23 दिनांक 08 फरवरी, 2023

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– मुख्य विकास अधिकारी, जौनपुर।
2– जिला विकास अधिकारी, जौनपुर।
3– अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) जौनपुर।
4– मेसर्स वेलेस्पन इण्टर प्राईजेज के प्रतिनिधि ।
5– मेसर्स एफ0कान0 इन्फास्ट्रक्चर के प्रतिनिधि।

8.2.23

जिलाधिकारी
जौनपुर।

Scanned with CamScanner